# 46 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 7 अवैध कॉलोनियां खुर्द-बुर्द

## कॉलोनी काटने के लिए काश्तकारों ने ना तो निजी खातेदारी की कृषि भूमि का रूपांतरण कराया और ना ही जे.डी.ए से कोई अनुमति ली



जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को जे.सी.बी. की मदद से ध्वस्त किया।

**जयपुर ( कासं )।** जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने 46 बीघा कृषि भूमि पर अवैध तरीके से बसाई जा रही 7 अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया है। यह कॉलोनियां कृषि भूमि का रूपांतरण और जे.डी.ए. की बिना अनुमति ही चोरी छिपे बसाई जा रही थी। इन कॉलोनियों में भूखंडों के पट्टे, गृह निर्माण सहकारी समितियों के साथ मिलकर बैकडेट में देने की कवायद चल रही थी।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-11 में 3 अवैध कॉलोनियां 14

- **इन कॉलोनियों में भूखंडों के पट्टे, गृह निर्माण सहकारी समितियों के साथ मिलकर बैकडेट में देने की कवायद चल रही थी**

बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही थी, जबकि शेष 4 कॉलोनियां जोन-12 में 32 बीघा कृषि भूमि पर बसाने की तैयारी थी। इन कॉलोनियों में मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, बाउंड्रीवाल, भूखंड़ों का डिमार्केशन जैसे कई निर्माण कर लिए गए थे।

उन्होंने बताया कि जोन-11 में सांगानेर स्थित ग्राम पवालिया में 4-4 बीघा कृषि भूमि पर दो अवैध कॉलोनियां काटकर उनमें मिट्टी-ग्रेवल सड़क, भूखण्डों का डिमार्केशन कर मुड़ियां बना ली गई थी। इसके अलावा सांगानेर स्थित ग्राम किशोरपुरा में 6 बीघा कृषि भूमि पर "शिव विहार" के नाम से रातों रात कॉलोनी काटकर निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए थे। जेडीए टीम ने जेसीबी और मजदूरों की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

इसके अलावा जोन-12 स्थित ग्राम खोरा बिसल से रोजदा रोड सरदारपुरा गांव में सरकारी स्कूल के सामने 8 बीघा कृषि भूमि पर तथा ग्राम सरदारपुरा मिडिल स्कूल के सामने 2 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी काटी गई थी। कालवाड़ रोड घिनोई की ढाणी मुंडोता घाटी में भी 12 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर "अमनबाग" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाकर उसमें रातों-रात मिट्टी-ग्रेबल सड़क, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कर लिए थे। इसी तरह जोन-12 स्थित नन्द गांव में भी 10 बीघा कृषि भूमि पर "वैष्णो विहार" के नाम से कॉलोनी बसाने की तैयारी थी।

यह तमाम कॉलोनियां कृषि भूमि का रुपांतरण करवाए बिना ही जेडीए की बिना अनुमति चोरीछिपे काटी जा रही थी। इन सभी अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माणों को ध्वस्त कर सभी कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।

## ई.डी.का अधिकारी बनकर जयपुर में बुजुर्ग से ठगी

**जयपुर (कासं)।** बजाज नगर इलाके में शातिर बदमाशों ने खुद को ईडी का अधिकारी बताकर बुजुर्ग को ठग लिया। बुजुर्ग ने दो बार में 5 लाख से ज्यादा रुपए ट्रांसफर कर दिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने बजाज नगर थाने में केस दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि गोपालपुरा मोड हिम्मत नगर के रहने वाले राजेन्द्र भंडारी (64) के साथ ठगी हुई है। गत 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को ईडी का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपके आधार कार्ड से फर्जी सिम खरीद कर फर्जी बैंक खाता केनरा बैंक में खोला गया है। इस बैंक खाते में करीब 2 करोड़ रुपए का लेन-देन किया गया है। इसके चलते तुम्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद बदमाशों ने एक फर्जी गिरफ्तारी वारंट भी भेजा। जो मुंबई पुलिस के नाम से बना हुआ था। आरोपी ने पीड़ित को अपनी बातों में फंसा कर डराया। फिर दो बैंक के अकाउंट नंबर दिए और उसमें पैसा डालने के लिए कहा। बदमाशों ने पीड़ित को धमकाया की अगर गिरफ्तार नहीं होना तो इन दोनों खातों में तुरंत पैसा डाल दो। ये सरकार के गोपनीय खाते हैं। पीड़ित ने बदमाशों की धमकी सुनकर बदमाशों के दिए दोनों खाते में दो बार में 5 लाख 92 हजार रुपए डाल दिए। एक खाते में 2 लाख 64 हजार और दूसरे खाते में 3 लाख 28 हजार रु. डाल दिए। पैसा डालने के बाद भी आरोपी और पैसों की मांग करने लगे। पीड़ित ने अपने जानकारों को यह बात बताई। इस पर साइबर फ्रॉड होने का शक हुआ। पीड़ित ने डीसीपी ईस्ट को घटना की जानकारी दी।

# फोन रिसीव नहीं करने से गुस्साएं शराबी ने की महिला की हत्या

## बगरू स्थित एक घर में मिली थी महिला की लाश, गले पर चोट के निशान थे

- **आरोपी ने मर्डर से पहले मृतका को तीन बार कॉल किया था, फोन रिसीव नहीं करने से नाराज होकर उसने हत्या कर दी**
- **पुलिस ने मृतका के फोन में मिली 3 मिस्ड कॉल के आधार पर आरोपी से पूछताछ की तो उसने वारदात कबूली**

**जयपुर ।** बगरू इलाके में घर में घुसकर महिला की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी और मृतका के बीच काफी समय से संबंध थे। वारदात वाले दिन आरोपी महिला के घर जा रहा था तो उसने कई बार महिला को फोन किया, लेकिन महिला ने फोन नहीं उठाया। इससे नाराज आरोपी ने महिला के घर पर पहुंचकर झगड़ने लगा। इस दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने बताया कि बारवाल की ढाणी लोहरवाडा वेदांत सिटी निवासी हीरा देवी (51) पत्नी भीम सिंह अपने बेटे-बहू के साथ रहती थीं। गत 20 अप्रैल को बेटा सतीश पत्नी और बच्चों के साथ अजमेर शादी में गया था। अगले दिन 21 अप्रैल को रात करीब 10:40 बजे सतीश ने मां हीरा देवी को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस पर उसने बड़े भाई मांगीलाल को फोन कर भांजे पुलकित को घर भेजने के लिए कहा। भांजा पुलकित और चचेरी बहन माया और मौसी की लड़की अंजली घर पहुंचे। घर का गेट अंदर से बंद था और लाइट भी बंद थी। काफी आवाज लगाने के बाद भी मां हीरा देवी ने जवाब नहीं दिया। अनहोनी की आशंका पर गेट की कुंदी तोड़कर घर के अंदर गए तो एक कमरे में बेड पर हीरादेवी की लाश पड़ी थी।

इस पर पुलकित और परिवार के दूसरे सदस्यों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर आस-पास के लोग भी इकट्ठा हो गए। मर्डर की सूचना पर बगरू थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मकान का मुआयना किया। हीरा देवी के गले पर चोट के निशान थे और पास ही में तकिया पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को बगरू सीएचसी की मॉर्च्यूरी में रखवाया और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान कुछ लोगों ने नशेड़ी प्रवृत्ति वाले राजकुमार उर्फ राजेश छीपा (35) निवासी बगरू को घर के पास घूमते देखा तो पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतका के मोबाइल की जांच में सामने आया कि उसके मोबाइल पर अंतिम 3 मिस कॉल राजकुमार छीपा की थी। जब राजकुमार से इस बारे में पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसके और मृतका हीरा देवी के बीच काफी समय से संबंध थे। दोनों का घर 1 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतका के घर पर कोई नहीं होने के कारण वह रात को उसके पास जाने वाला था। दोनों में इसको लेकर बात हुई थी तो हीरा देवी ने कहा कि वह बाइक को घर पर खड़ी करके 4 रोटी लेकर आ जाए।

आरोपी ने बताया कि मैंने अपनी बाइक घर पर खड़ी की और हीरा देवी को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इस पर उसे गुस्सा आ गया था। उसने हीरा देवी के घर पर जाकर झगड़ा किया। इस पर विवाद बढ़ने पर उसने हीरा देवी का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने घर की सभी लाइटें बंद कर दी और अंदर से लॉक कर दिया था, ताकि किसी को शक नहीं हो। इसके बाद छत पर पहुंचा और कूदकर बाहर निकल गया। इस दौरान लोगों के इकट्ठा होने पर वह घर के पास छुप गया था। गिरफ्तार आरोपी राजकुमार छीपा ने बताया कि वह सुबह से शराब पी रहा था। नशे में होने और गुस्से में होने के कारण उसने गला दबाकर हीरा देवी की हत्या कर दी। एसीपी ने बताया कि राजकुमार के खिलाफ बगरू थाने में पहले भी एनडीपीएस और शराब बेचने के कई मामले दर्ज हैं। मृतका के साथ आरोपी के संबंधों कीक स्थानीय लोगों ने भी पुष्टि की है।

## पकड़े जाने के डर से चयन के बावजूद नहीं पहुंचे अभ्यर्थी

- **दोनों अभ्यर्थियों ने वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अध्यापक भर्ती परीक्षा में डमी बैठाया था**
- **अब आर.पी.एस.सी. ने दोनों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करायी है**

**जयपुर ।** भर्ती परीक्षाओं में दस्तावेज की पड़ताल का असर अब दिखने लगा है। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अध्यापक भर्ती परीक्षा में डमी बैठाने वाले दो अभ्यर्थी चयन होने के बाद भी राजस्थान लोकसेवा आयोग (आरपीएससी) नहीं पहुंचे। दस्तावेज की पड़ताल में उनकी पोल खुली तो दोनों के खिलाफ आरपीएससी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक एफआइआर भट्टा बस्ती तो दूसरी अजमेर के क्लॉक टावर थाने में दर्ज कराई गई है। आरपीएससी ने वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भर्ती 2022 की लिखित परीक्षा 30 अप्रेल 2023 को आयोजित की थी। आयोग ने एक फरवरी को न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले 426 अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया। सफल अभ्यर्थियों को दस्तावेज जांच (काउंसलिंग) के लिए 23 फरवरी तक बुलाया गया था। इनमें से 31 अभ्यर्थी आए ही नहीं।

अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्रों की जांच की तो अभ्यर्थी धन्नाराम व रामेश्वर मीणा के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देना सामने आया। दोनों ने प्रवेश पत्र पर डमी अभ्यर्थी की फोटो चस्पां कर परीक्षा उनसे दिलवाई थी। धन्नाराम का परीक्षा केन्द्र अजमेर के श्रीमथुरा प्रसाद गुलाब देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल और सवाई माधोपुर के चकेरी स्थित रैथा कला निवासी रामेश्वर मीणा का जयपुर सब्जी मंडी द्वारकापुरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में था। ज्ञात रहे कि आरपीएससी अक्टूबर 2023 से अब तक फर्जी डिग्री और डमी अभ्यर्थियों के 15 से ज्यादा मुकदमे दर्ज करवा चुकी है।

# गुर्जर की थड़ी अंडरपास के नजदीक सड़क में 20 फीट गहरा गड्ढ़ा हुआ

## जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने मौके पर पहुंचकर गड्ढ़े को ठीक करने का काम शुरू किया



गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी अंडर पास के नजदीक धंसी मुख्य सड़क को जेडीए की टीम ने ठीक करने का काम शुरू किया।

**जयपुर (कासं)।** गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी अंडर पास के नजदीक मुख्य सड़क में करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। अचानक सड़क धंसने की इस घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की टीम को दी। कुछ देर बाद जे.डी.ए. के इंजीनियर्स मौके पर पहुंचे और सड़क पर एकतरफा यातायात शुरू करवाकर आवाजाही बंद की।

गनीमत रही कि सड़क में अचानक

- **गोपालपुरा बाईपास की इस सड़क पर दिनभर भारी ट्रेफिक रहता है, गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई**

गड्ढ़ा होने से कोई जनहानि नहीं हुई, क्योंकि इस सड़क से दिनभर हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं।

जोन 5 के अधिशाषी अभियंता ऋषिकेष मीणा ने बताया कि प्राथमिक तौर पर जांच में यहां गड्ढे में जो मिट्टी मिली है। बिलकुल सूखी थी। पानी की लाइन में भी कोई लीकेज नहीं मिला है। पहले कभी बरसात में यहां गड्ढा हुआ था। उसे ठीक करने के बाद जो मिट्टी डाली थी वो अंदर ही अंदर धीरे धीरे बिखरने लगी। उसके बाद हलका गड्ढा हुआ जो वाहनों के दबाव के कारण बड़ा हो गया। अब वाहनों का रास्ता रोक दिया गया है। तीन चार दिन में इसे पूरी तरह ठीक कर देंगे।


स्थानीय लोगों का कहना है कि गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी अंडरपास के नजदीक कई बार सड़क धंस चुकी है।

यहां पहले भी कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन कारण आज तक किसी को मालूम नहीं चल पाया। इस मुख्य सड़क से हर रोज हजारों की तादाद में वाहन गुजरते हैं, ऐसे में यहां सड़क धंसने जैसे घटना से आमजन की जिंदगी खतरे में पड़ती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही और घटिया निर्माण के कारण बार-बार यहां सड़क धंसती है। ऐसे में इस निर्माण की क्वालिटी की जांच होनी चाहिए।

## सार-समाचार

### टेनिस लीग में हुए रोमांचक मुकाबले



**जयपुर (कासं)।** मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस में सीनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि सीनियर वर्ग में थापर टाइटंस ने द नी राइडर्स को 2-1 से, रवींद्र हॉस्पिटल ने हॉप हॉस्पिटल को 3-2 से, डॉ. निशांत टीम ने केडिया होटशोट को 1-0 से हराया। लीग आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव बताया कि मलंग जोड़ी में डॉ. राकेश लाल ने डॉ. सुनील दत्त को 6-3 से, दबंग डबल्स में डॉ. आशीष-डॉ. अंकित की जोड़ी ने डॉ. दीपक-डॉ. लोकेश की जोड़ी को ट्राइब्रेकर में हराया। लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि मलंग सिंगल्स में डॉ. सतीश शाह ने डॉ. आशीष जैन को 6-3 से, डॉ. आलोक माथुर ने डॉ. रशीद को 6-3 से हराया। मलंग डबल्स में डॉ. अमित कोटिया-डॉ. मधु की जोड़ी ने डॉ.प्रशांत-डॉ.सुनील की जोड़ी को 6-1 से हराया । लीग कोर्डिनेटर डॉ. संकल्प अवस्थी ने बताया कि मिश्रित युगल में डॉ. राकेश महला व डॉ. मानसी ने डॉ. लोकेश व डॉ. प्रमिला को 6-1 से हराया। डॉ. आदित्य-डॉ.रश्मि की जोड़ी ने डॉ. कपिल जिंदल-डॉ. दिव्या की जोड़ी को 6-4 से हराया ।

### फिजियो केयर की टीम सम्मानित



**जयपुर (कासं)।** सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय नेशनल फिजियोकॉन में जयपुर से डॉक्टर गौरव अग्रवाल एवं डॉक्टर विश्वेश दवे की फिजियो केयर टीम को बेस्ट क्लिनिकल टीम से सम्मानित किया गया। फिजियो केयर की टीम से डॉ. गणेश, डॉ. सपना, डॉ.बी.पी. शर्मा, डॉ.भूपेंद्र, डॉ.महेश बोरावड़, डॉ.माधवी, डॉ.गौरव अवस्थी, डॉ. राशि, डॉ. हरेन और डॉ. रोहित का सम्मान हुआ ।

### रोटरी का 'उदय' कार्यक्रम 27 से

**जयपुर ।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 एजीटीएस-डीटीटीएस एंड पीईटीएस-एसईटीएस का उदय शीर्षक से कार्यक्रम 27 व 28 अप्रैल को यहां जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क्स आमेर प्रांगण में होगा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की वर्ष 2024-25 की डिस्ट्रिक्ट गर्वनर डीजीई डॉ. राखी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में स्टेफैनी ए.अर्चिक, डॉ.अशोक गुप्ता, अजय काला, डॉ.निर्मल कुनावत, प्रद्युम्न के.पाटनी, आलोक अग्रवाल, रामगोपाल अग्रवाल, डॉ.रोशनी मिश्रा और विमल चंद जैन हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के दोनों दिन देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे रोटरी के बुनियादी जरूरत संबंधी रचनात्मक कार्यों पर समीक्षात्मक चर्चा की जाएगी। रोटरी की जिम्मेदारियों का जीवंत दस्तावेज प्रस्तुत किया जाएगा ताकि सरकार के परस्पर सहयोग व देश की सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

### महिलाओं के लिए वैलनेस कार्निवल

**जयपुर ।** जयपुर में सेल्फ लव थीम पर महिलाओं के लिए विशेष वैलनेस कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई की प्रख्यात लाईफ, वैलनेस एंड स्पिरिचुअल कोच, लीना गुप्ता ने अपने सेशन में महिलाओं को सेल्फ लव (आत्म प्रेम) के लिए कई नुस्खे बताए। इस रोचक सेशन के दौरान उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और आध्यात्मिकता व पॉजीटिव माइंडसेट के माध्यम से जीवन में परिवर्तन लाने के लिए टिप्स भी साझा किए। यह वैलनेस कार्यक्रम रासा वैलनेस के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर रासा वैलनेस की फाउंडर, रूपाली सेठ ने कहा कि रासा वेलनैस में हमारा संपूर्ण फोकस महिलाओं की होलिस्टिक हैल्थ पर रहा है। कार्यक्रम में क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट, सुरभि सिंह ने स्वस्थ रहने के लिए हेल्दी आहार, योगा और एक्सरसाइज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने घर की बनी रेरिपीज और स्थानीय ग्रेन्स के उपयोग पर जोर दिया। इस दौरान एक प्रश्व उत्तर सेशन भी आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं ने हेल्दी डाइट, न्यूट्रीशन, स्किन ग्लो जैसे कई विषयों पर कई सवाल पूछे। वहीं योगा एंड फिटनेस कोच, स्वाति सहारन ने महिलाओं के लिए खास ब्रीदिंग एक्सरसाइज सेशन भी करवाया, जिसमें उन्होंने सांस लेने की विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार से समझाया। किस प्रकार से ब्रीदिंग द्वारा एंगर, एग्जाइटी, मानसिक तनाव आदि से राहत पाया जा सकता है। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए इन्सटेंट ग्लो, मसाज, नेल केयर एंड आर्ट जैसी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में रासा के प्रोडक्ट्स, हेल्दी ईटरीज, स्किन के लिए एसेंस ऑयल व सीरम जैसे कई हेल्थ एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स नें भी महिलाओं का ध्यान आकर्षित किया।

## केसरी भवन से 15 लाख रु. लूटने वालों का सुराग नहीं

**जयपुर ।** अशोक नगर थाना इलाके में बुधवार को ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर 15 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस की आठ टीमें जयपुर की गली-गली छान रही है। फिलहाल लूटेरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने बताया कि लुटेरों को पकड़ने के लिए आठ टीमों का गठन किया गया है, जो कि जयपुर शहर के अलग-अलग हिस्सों में छानबीन कर रही है। फिलहाल इस घटना में कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला है। महिला कर्मचारियों से पूछताछ कर हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि युधिष्ठिर मार्ग पर डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में घुसकर बदमाशों ने दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है, जो कनेक्शन के लिए बनाया गया है।

वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से 9 लाख रुपए और 6 तोला सोना ठगने का मामला सामने आया है। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अलवर निवासी संजय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर संदीप शर्मा ने उससे 9 लाख रुपए और करीब 6 तोला सोने के जेवरात ले लिए। रुपये और जेवरात लेने के बाद भी आरोपी ने उसे नौकरी नहीं लगवाई। पीडित ने जब रुपए मांगे तो आरोपी पहले तो बहाने बनाने लगा और फिर उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

## अस्पताल में भर्ती मरीज की चेन चोरी

**जयपुर (कासं)।** विद्याधर नगर थाना इलाके में अस्पताल में भर्ती मरीज के गले से सोने की चेन पार होने का मामला सामने आया है। पुलिस केअनुसार कालवाड़ निवासी अंजू मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि तबीयत खराब होने पर उसे 2 अप्रेल को शेखावाटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर किसी ने उसके गले से सोने की चेन पार कर ली। उसे शक है कि अस्पताल कर्मचारियों ने ही उसके सोने के बाद चेन चुराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रु. लूटने वाले तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर ।** मुहाना थाना इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े ग्राम विकास अधिकारी (बीडीओ) से 71 लाख रुपए लूट के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस आरोपियों की शिनाख्त परेड करवाएगी। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों को पकड़ा था। इन आरोपियों ने मुख्य आरोपियों की रुपए छिपाने में मदद की थी। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई रकम में से 48 लाख 90 हजार रुपए और कार को जब्त किया था। बुधवार को पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। इस मामले में रुपए छुपाने में मदद करने वाले अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि लूट के मामले में मुख्य आरोपी धाबास निवासी रवि पंडित के साथ जयपुर निवासी मुकेश सामोता और दूदू निवासी सुरेंद्र देवलिया को पकड़ा है। आरोपी पुलिस की पकड़ से बचने के लिए छिपते फिर रहे थे। इन आरोपियों को रिंग रोड पर लाखना पुलिया से दबोचा है। आरोपियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत थी। आरोपियों को लेकर मुखबिर से सूचना मिली थी। आरोपियों से पूछताछ कर लूट की बाकी रकम बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने बुधवार को मुंगथला दूदू निवासी गोपाल लाल जाट, सुरेंद्र और बद्रीनारायण को गिरफ्तार किया था।

# जयपुर से अयोध्या रवाना हुए श्रद्धालु



श्री गणेश मन्दिर बंगाली बाबा आश्रम पुरानी चुंगी चौकी के पास बंध की घाटी रामगढ़ रोड जयपुर से धार्मिक यात्रा को सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प. सुरेश मिश्रा, पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव, दिनेश सोनी, गुलाब चन्द श्रीमाल, पं. कृष्ण कुमार महर्षि ने हरी झंडी दिखाकर 2 बसों को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। यात्रा संयोजक श्याम सुन्दर वैदि ने बताया कि यात्रा उत्तर प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थल चित्रकूट, प्रयागराज, काशी विश्वनाथ मन्दिर, बनारस, अयोध्या, नेमी शारण्य और मथुरा-वृन्दावन जाएगी । इस दौरान विष्णु मीणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवती ने फंदा लगाकर जान दी

**जयपुर ।** अशोक नगर इलाके में एक युवती ने फंदा लगा कर जान दे दी। मृतका के परिजनों ने एक डॉक्टर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया मृतका सोनल यादव (34) केआर रेजीडेंसी संग्राम सिंह कॉलोनी की रहने वाली थी। वह अविवाहित थी और लंदन की एक यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही थी। सोनल की पीएचडी करने में डॉ. राम किशोर यादव मदद कर रहा था। घटनाक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को सोनल ने रस्सी का फंदा बनाया और छत से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता ने डॉ. राम किशोर यादव पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

# चंदन दास की गजलों पर झूमे श्रोता




**जयपुर ।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में गुरूवार को गजल नाइट का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गायक एवं गजल सम्राट चंदन दास जी ने अपनी गजलों से श्रोताओं को आनंदित किया। चंदन दास के साथ चार और संगीतकारों ने तबले गिटार वायलिन एवं कीबोर्ड पर संगत की । उन्होंने अपनी गजल "कैसे दिल को मना लिया हमने, सोचा नहीं तुमने.., नींद आती नहीं है आंखो में, रोग ऐसा लगा लिया मैने, सबको दुश्मन बना लिया मैंने.." तथा "घर से मस्जिद बहुत दूर चलो यूं कर लें, किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाएं...घर की चीज़ों को सजाया जाएं" से वाहवाही बटोरी।